










केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के रविवार को भोपाल आगमन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजकीय विमानतल पर पुष्पगुच्छ भेंटकर अगवानी की। श्री शाह ने रवींद्र सभागम में राज्यस्तरीय सहकारिता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने चिन्हित पैक्स को व्यवसाय वृद्धि के लिए ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए। श्री शाह और डॉ.यादव की उपस्थिति में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड व मध्यप्रदेश सरकार के मध्य सहकारिता अनुबंध हुए। श्री शाह को डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास में महान सम्राट विक्रमादित्य से संबंधित साहित्य भेंट किया।

# भगवान महावीर का अहिंसा परमो धर्म का संदेश सदैव रहेगा प्रासंगिकः मुख्यमंत्री

### डॉ.यादव ने इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस के शपथ विधि समारोह को किया वर्चुअली संबोधित

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान महावीर का अहिंसा परमो धर्म का संदेश सभ्यता के प्रारम्भ से ही प्रासंगिक रहा है और भविष्य में भी रहेगा। महावीर स्वामी की शिक्षाएं हमें शांति, सद्भाव और आपसी समझ की राह दिखाती हैं। हम जियो और जीने दो सिर्फ कहने के लिए नहीं कहते इसे आत्मसात कर जीवन में भी उतारते हैं।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जैन कल्याण बोर्ड की घोषणा राज्य सरकार द्वारा की गई है। वे इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस के शपथ विधि समारोह को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा है कि जैन समाज जियो और जीने दो के सिद्धांत का जिस प्रतिबद्धता से पालन करता है वह अनुकरणीय है। सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह जैसे जीवन के मूल सिद्धांतों के साथ जीवन जीने की प्रेरणा हमें महावीर स्वामी और शेष तीर्थंकरों के माध्यम से प्राप्त होती है। जीव मात्र पर दया के संकल्प का जैन समाज द्वारा अनुसरण सराहनीय है। जैन धर्म हमें अनुशासित रहकर सेवा करने की सीख देता है। डॉ. यादव ने कहा कि हाल ही में भगवान महावीर जयंती के अवसर पर विश्व नवकार महामंत्र के माध्यम से समस्त संसार के कल्याण की प्रार्थना की गई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस अवसर पर दिए गए नए संकल्प वर्तमान परिस्थितियों में सभी के कल्याण और प्रकृति के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत सामाजिक, आर्थिक रूप से सशक्त होने के साथ-साथ आध्यात्मिक दृष्टि से भी विश्व को दिशा दे रहा है। कार्यक्रम में कांफ्रेंस के अध्यक्ष हुलास बेताला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश राका, कोषाध्यक्ष राजेश झामा और प्रांतीय महामंत्री पीयूष जैन उपस्थित थे।



### विधायक पुत्र के टेकरी विवाद में बोले एसपी-

# सौ सीसीटीवी दिन-रात देखे, फिर दर्ज की दूसरी एफआईआर

भोपाल (काप्र)।

**देवास माता टेकरी पर विधायक पुत्र के गलत तरीके से प्रवेश का मामला गर्माता जा रहा है। अब मामले में दूसरी एफआईआर हो चुकी है। पुलिस ने तीन वाहनों को चिन्हित कर लिया है, बाकी तीन वाहनों की जानकारी ली जा रही है। लाल बत्ती लगाने के खिलाफ भी धाराएं लगाई गई हैं।**

देवास की माता टेकरी पर शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात करीब एक बजे भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के पुत्र रुद्राक्ष शुक्ला की 8-10 लग्झरी गाड़ियों का काफिला हूटर बजाते हुए एबी रोड से चामुंडा टेकरी पहुंचा, जहां पर पहले तो होमगार्ड सैनिक से रपट मार्ग का गेट खुलवाया और उसके बाद ये सभी गाड़ियां चामुण्डा टेकरी के ऊपर पहुंचीं। जहां पर माताजी मंदिर के पट बंद हो चुके थे, किंतु काफिले में शामिल युवकों ने चामुण्डा माता मंदिर का पट खुलवाने के लिए पुजारी उपदेश नाथ पर दबाव बनाया और जब पुजारी ने पट नहीं खोले तो मारपीट की गई।

कोतवाली पुलिस ने इस मामले में उपदेश नाथ की रिपोर्ट पर काफिले में शामिल देवास के स्थानीय युवक जीतू रघुवंशी पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। माता टेकरी पर विधायक गोलू शुक्ला के पुत्र के साथ आए कुछ लोगों ने मंदिर के पुजारी उपदेश नाथ के साथ मारपीट की, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वहीं अब पुजारी परिवार की नाराजगी साफ नजर आ रही है। उपदेश का कहना है कि पुलिस कार्रवाई करे, क्योंकि नियमों के मुताबिक यदि मंदिर के पट बंद हो जाते हैं तो वह नहीं खुलते हैं और मुझे मंदिर के पट खोलने का बोला गया मैंने मना किया तो मेरे साथ मारपीट हुई और मुझे जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने देवास के जितेंद्र रघुवंशी पर केस दर्ज किया है, वहीं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर और भी लोगों के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज कर सकती है। पुलिस ने माता टेकरी पर जो गाड़ियां गई उनके रजिस्ट्रेशन के आधार पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। माता टेकरी पर उपदेश नाथ पुजारी के साथ ही मारपीट के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जिससे राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस इस मामले में पुजारी के साथ आंदोलन करने की बात भी कर रही है। उन्होंने कहा है कि जिस तरह से विधायक पुत्र के साथ आए कुछ लोगों ने पुजारी के साथ मारपीट की है, वह बहुत गलत है। मंदिर में इस तरह की मारपीट करना और मंदिर के बंद पट को खुलवाने का दबाव बनाना गलत है। पुलिस को विधायक पुत्र पर भी कार्रवाई करना चाहिए।

मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि माता टेकरी पर दर्शन करने गए कुछ लोगों द्वारा मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट की गई है, जिसे लेकर जांच की जाएगी और दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी। श्री गहलोत ने कहा परसों रात को जो मामला हुआ है, मंदिर के जो पुजारी हैं, उन्होंने लिखित में आवेदन दिया था उस आवेदन के आधार पर पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है। मारपीट का आरोप लगाया गया है, उसके विरोध पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है और इसके साथ लोकल मीडिया द्वारा कुछ वीडियो वायरल हुए थे उसी को लेकर मामला संज्ञान में लिया गया था। गहलोत ने बताया कि माता टेकरी पर जितने सीसीटीवी कैमरे लगे हैं उनको भी पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में लिया है। करीब 100 सीसीटीवी कैमरे को पुलिस द्वारा दिन भर और रात भर देखा गया है, उसमें जो तथ्य की पुष्टि हुई है उसमें परसों रात को 6 वाहन माता टेकरी पर चढ़े थे जो वाहन चल रहे थे। उनमें से एक वाहन जो ऑफिशियल दिख रहा था, उसी के साथ दो वहां ऐसे भी थे जिन में जो लोग बैठे थे। वह कार की विंडो से बाहर निकलकर वीडियो बना रहे थे जिसे उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया है। पुलिस ने मारपीट के मामले में एक एफआईआर दर्ज की थी, वहीं अब दूसरी एफआईआर भी की गई है। तीन वाहनों को रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर चिन्हित कर लिए गए हैं, अन्य तीन वाहनों की जानकारी जुटा रहे हैं। इसी आधार पर प्रकरण दर्ज किया गया है। लाल बत्ती लगाने के मामले में भी धाराएं लगाई हैं।




## प्रदेश में 16 अप्रैल से लू का अलर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है, जहां 44 डिग्री पार तापमान पहुंच गया था वहीं अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी से प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है।

शनिवार को धार, इंदौर समेत एक दर्जन से ज्यादा जिलों में हल्की बारिश हुई। कुछ जिलों में ओले भी गिरे। मौसम विभाग में 16 अप्रैल से प्रदेश में लू चलने का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले हल्की बारिश और आंधी का दौर चलेगा। आज प्रदेश के 24 जिलों में मौसम बदला रहेगा। ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, श्योपुर, शिवपुरी, सागर, छतरपुर, दमोह, पन्ना, कटनी, जबलपुर, सतना, मैहर, उमरिया, मंडला, डिंडौरी, बालाघाट, अनूपपुर, शहडोल, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में गरज-चमक, आंधी और बारिश का दौर रह सकता है।

# पेयजल संकट से निपटने नलकूप खनन के वेंडर बढ़ाए जाएंगेः सिंह

भोपाल(काप्र)।

**स्कूल शिक्षा, परिवहन एवं बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए, ऐसी व्यवस्था करें कि जिले में कही पर भी पानी का संकट न हो। उन्होंने कहा कि जिले में नलकूप खनन के साथ ही मोटर पम्प और राइजिंग पाइप सहित सभी व्यवस्थाएं तैयार रखें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वें वित्त से भी पेयजल के संबंध में व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।**

उन्होंने कहा कि नलकूप खनन के वेंडर की वर्तमान संख्या पर्याप्त नहीं है इसे बढ़ाया जाये। श्री सिंह शनिवार को बालाघाट जिले के मलाजखंड में पेयजल व्यवस्था संबंधित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में वर्तमान जल संकट सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। श्री सिंह ने कहा कि पेयजल, बिजली और जल संरक्षण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले 2 माह तक इन कार्यो पर लगकर कार्य करना आवश्यक है। श्री सिंह ने किसानों को धान के साथ मक्का की फसल लेने की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिजली की 30 वर्षों की



मांग को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना तैयार की जाये। श्री सिंह ने कहा कि पीएम आवास सहित आम नागरिकों के लिए रेत की व्यवस्था सुगमता से होनी चाहिए बैठक में सांसद श्रीमती भारती पारधी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार, विधायक संजय उइके, मधु भगत, श्रीमती अनुभा मुंजारे, गौरव पारधी, विक्की पटेल, राजकुमार कर्राहे मौजूद थे।

### मलाजखण्ड लायब्रेरी अच्छा प्रयास

श्री सिंह ने मलाजखंड नगर परिषद में बनाई गई लायब्रेरी का अवलोकन कर प्रयासों की सराहना की। प्रभारी मंत्री श्री सिंह को अवगत कराया कि नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी लायब्रेरी स्थापित करने के प्रयासों जारी है। उन्होंने पीएम आवास हितग्राही श्री दलम सिंह के घर चाय और कोदो कुटकी का स्वादलिया।

### सामूहिक विवाह में हुए शामिल

श्री सिंह मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने 285 नवदंपति के सुखमय और मंगलमय जीवन की कामना की। प्रभारी मंत्री ने प्रत्येक नवदंपति को 49-49 हजार रूपये के चैक प्रदान किये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अब हर विधानसभा क्षेत्र में हेलीपेड तैयार किया जायेगा। आपात स्थिति में ग्रामीणों के उपचार के लिये एयर लिफ्ट कर देश के बड़े अस्पतालों में उपचार कराया जायेगा।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 43/आर-3 स्नेह नगर रोड, गोपालगंज सागर (म.प्र.) - 470001 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन -1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक : डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक : अपूर्व तिवारी। * भोपाल कार्यालय फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. MPHIN/2015/61503, www.naiduniaonline.com